## एग्जाम गाइड

1. केरल की कौन-सी ग्राम पंचायत भारत की पहली पूर्ण रूप से डिजिटल साक्षर पंचायत बन गई है?
(अ) विलाप्पी (ब) कल्लार
(स) कुन्नाथुकल (द) पुल्लमपारा

2. राष्ट्रीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त करने वाली विज्ञान पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' किस संस्थान द्वारा जारी की जाती है?
(अ) सेस्क्रा (ब) सीएसआईआर
(स) आईसीएआर (द) आईसीएसआर

3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुसार, उच्च शिक्षण संस्थानों में विदेशी छात्रों के लिए सीटों की प्रतिशत सीमा कितनी है?
(अ) 45 (ब) 35 (स) 25 (द) 40

4. भारतीय नौसेना ने किस देश के साथ व्हाइट शिपिंग इंफॉर्मेशन एक्सचेंज पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?
(अ) न्यूजीलैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) जापान (द) संयुक्त राज्य अमरीका

5. जिगजैग बांध किस जिले में स्थित है?
(अ) झालावाड़ (ब) कोटा
(स) बूंदी (द) बारां

6. श्रवण बेलगोला में गोमतेश्वर की विशाल प्रतिमा किसने स्थापित की?
(अ) चामुण्डराय (ब) कृष्ण प्रथम
(स) कुमारपाल (द) तेजपाल

7. निम्न में से किस राजवंश के अन्तर्गत विजारत का चरमोत्कर्ष हुआ?
(अ) इलबरी (ब) खिलजी
(स) तुगलक (द) लोदी

8. लोकसभा का सत्रावसान करने की शक्ति किसके पास है?
(अ) लोक सभा का अध्यक्ष (ब) महान्यायवादी
(स) संसदीय कार्य मंत्री (द) राष्ट्रपति

9. सबसे बड़ा शहरी आबादी वाला राज्य कौन-सा है?
(अ) पश्चिम बंगाल (ब) गोवा
(स) केरल (द) महाराष्ट्र

10. निम्नलिखित में से यहूदी धर्म का पूजास्थल कौन-सा है?
(अ) चर्च (ब) सिनेगॉग
(स) मोनेस्ट्री (द) फर्स्ट टेम्पल

**उत्तरमाला** 1.द 2.ब 3.स 4.अ 5.स 6.अ 7.स 8.द 9.द 10.ब

### तारीफ पर तकरार... सियासी सरगम

# मचल गया दीना का लाल...से लेकर ठहरे पानी में कंकर न मारे तक

## विदाई भाषण में आजाद की तारीफ की तो गलत क्या? : मेघवाल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


अर्जुन राम मेघवाल


सतीश पूनिया


संयम लोढ़ा

**जयपुर.** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मानगढ़ में बनी केमिस्ट्री के मायने को लेकर राजस्थान की सियासत गरमा गई है। गहलोत की तारीफ पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गुलामनबी आजाद की याद दिलाई तो पक्ष-प्रतिपक्ष के नेताओं ने बयानों में अपने अंदाज में प्रतिक्रियाएं दीं।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गहलोत की जो तारीफ की है वह इस तथ्य पर आधारित हैं कि वे वरिष्ठ हैं। वहीं राज्यसभा में पीएम ने गुलाब नबी आजाद की तारीफ की तो इसमें गलत क्या था? यह विदाई भाषण था। सभी नेताओं के लिए अच्छी बातें रखी जाती हैं। चिंता इस बात की है कि गहलोत और पायलट की आपसी लड़ाई से राजस्थान की जनता का नुकसान हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने सचिन पायलट के बयान का वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया पर कैप्शन दिया- 'जहां धुंआ है तो आग भी होगी।'

इस बीच मुख्यमंत्री के सलाहकार निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल और राजस्थान पीसीसी को टैग करते हुए सियारामशरण गुप्त की कविता, मैं तो वही खिलौना लूंगा मचल गया दीना का लाल की लाइनें ट्वीट कर तंज कसा। उन्होंने सीधा पायलट या गहलोत का नाम नहीं लिया पर हैशटैग राजस्थान पॉलिटिक्स के साथ इसे जारी किया। मुख्यमंत्री के ओएसडी लोकेश शर्मा ने पायलट के बयान के बाद एक तालाब का वीडियो जारी कर लिखा- ठहरे पानी मे कंकर न मारे कोई वरना हलचल मच जाएगी।

### कैंडल मार्च निकाल आप पार्टी देगी श्रद्धांजलि

**जयपुर.** गुजरात के मोरबी शहर में हुए पुल हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने और भ्रष्टाचार समाप्त करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी जिला मुख्यालयों पर कैंडल मार्च निकालेगी। जयपुर में कैंडल मार्च सवाई मानसिंह स्टेडियम के बाहर अमर जवान ज्योति स्थल पर गुरुवार शाम 6 बजे से होगा।

### सवाई माधोपुर : लड़कियों की खरीद फरोख्त व देह व्यापार का मामला

## बाल कल्याण समिति ने मांगी तथ्यात्मक रिपोर्ट

**असर**



राजस्थान पत्रिका
*प्रकाशित खबर।*

**सवाईमाधोपुर @ पत्रिका.** लड़कियों की खरीद फरोख्त तथा नाबालिग बच्चियों से जबरन देह व्यापार कराने के मामले में बाल कल्याण समिति आगे आई है। समिति ने सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक सुनील विश्नोई को पत्र भेजकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पिछले दिनों राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा सवाईमाधोपुर आई थी। उन्होंने रात को विनोबा बस्ती का दौरा किया था। वहां उन्हें नाबालिग लड़कियां सड़क पर अश्लील इशारे करते हुए नजर आई थीं। इसके बाद अगले दिन महिला आयोग अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक के साथ बस्ती का दौरा किया था, लेकिन तब तक लड़कियां इधर-उधर कर दी गई।

### मानगढ़ यात्रा : 'प्रधानमंत्री मेरी सीनियरिटी का ही मान रख लेते'

# पीएम से तीन मांग रखी थीं, लेकिन उन्होंने निराश ही किया : गहलोत



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सरकार रिपीट कराने के लिए काम की जरूरत**

**गहलोत** ने कहा कि इस समय किसी को भी बयानबाजी नहीं कर राजस्थान में पुन: कांग्रेस की सरकार रिपीट कराने के लिए कार्य करना चाहिए। राज्य सरकार ने प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। कांग्रेस सरकार ने ऐसी योजनाएं दी है। जिनकी पूरा देश तारीफ कर रहा है।

**अलवर.** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुझे सबसे सीनियर सीएम बताते हैं तो मेरी सीनियरिटी का मान ही रख लेते। अलवर जिले के खैरथल में मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि मानगढ़ आगमन के दौरान उन्होंने पीएम से तीन मांग रखी थीं, लेकिन उन्होंने निराश ही किया।

गहलोत ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को चिरंजीवी योजना पूरे देश में लागू करने, मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने तथा रतलाम से डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा रेलवे लाइन को मंजूरी देने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को मानगढ़ आए पीएम मोदी ने गहलोत को मंच पर मौजूद नेताओं में सबसे सीनियर बताया था।

मुख्यमंत्री ने सरिस्का के पास खनन कार्य खोलने के सवाल पर कहा कि वे इसे दिखवाएंगे और जो भी वाइल्ड लाइफ के हित में होगा, वहीं किया जाएगा। उनके पास भी शिकायत आई थी।

### जैकेट से जारी...

### खड्ग...

अब खरगे को दो पक्षों को ध्यान में रखकर निर्णय करना होगा। एक पक्ष- सोनिया गांधी का। क्या उनके आदेश (अध्यक्ष के) दरगुजर कर दिए जाने चाहिए- क्या राहुल के एक व्यक्ति एक पद के निर्णय को भूमिगत मान लेना चाहिए? तब भविष्य में आलाकमान (खरगे के रूप में) के निर्देशों का क्या हश्र होगा? दूसरा- राजस्थान के मुख्यमंत्री की खुली बगावत का क्या राजनीतिक अर्थ निकलेगा? क्या भविष्य में भी कोई मुख्यमंत्री आलाकमान को आंखें दिखाने को स्वतंत्र होगा? क्या आलाकमान के नोटिस हाथी के दिखावटी दांत होंगे, जिनको कोई भी कांग्रेसी रद्दी की टोकरी में डालकर सो सकता है। दोनों ही स्थितियां कांग्रेस के अवसान का संकेत दे रही है। देवता भख मांग रहे हैं। मां, बेटे को बचाने के लिए बलि बकरे की चढ़ाती है। इस स्थिति में खरगे जी को ही खड्ग निकालना है। वे ही बताएं कि गर्दन एक की काटेंगे या दोनों की। कब तक बंधुआ मजदूर रहेगा लोकतंत्र?

### महापौर चुनाव

## नामांकन आज से

**जयपुर @ पत्रिका.** जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर सहित तीन निकाय के अध्यक्षों के चुनाव की अधिसूचना गुरुवार को जारी होगी। इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चार नवम्बर है। चार नवम्बर को दोपहर तीन बजे तक नामांकन भरे जा सकेंगे।

राज्य सरकार ने महापौर, सभापति, अध्यक्ष के लिए हाइब्रिड फार्मूले का रास्ता खोला हुआ है। निकाय प्रमुख बनने के लिए पार्षद होना अनिवार्य नहीं है। बाहरी व्यक्ति भी महापौर या निकाय प्रमुख का चुनाव लड़ सकते हैं।

### अच्छा कार्य करने वाले ट्रेनिंग पार्टनर्स को प्रोत्साहित करें : चांदना

**जयपुर.** कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री अशोक चांदना ने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण देने पर जोर देते हुए कहा कि जो ट्रेनिंग पार्टनर अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनके लक्ष्य बढ़ाएं, ताकि उन्हें प्रोत्साहन मिले। चांदना शासन सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) एवं रोजगार विभाग की समीक्षा कर रहे थे। चांदना ने आरएसएलडीसी अधिकारियों को लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### 31 मार्च तक जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए बिना मिलेगी पेंशन

**जयपुर.** राज्य सरकार ने जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए बिना पेंशन वितरित किए जाने की अवधि 30 नवम्बर से बढ़ाकर 31 मार्च अथवा मोबाइल ऐप तैयार होने तक, जो भी पहले हो, तब तक बढ़ा दी है। पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण निदेशालय के निदेशक संजय सोलंकी ने बताया कि अब राज्य के पेंशनर्स अथवा पारिवारिक पेंशनर्स बिना प्रमाण पत्र 31 मार्च तक पेंशन प्राप्त कर सकेंगे।

# कद्दावर नेता हैं सचिन पायलट : खिलाड़ी बैरवा

**टोंक.** प्रदेश में सत्ता संग्राम के दौर में अशोक गहलोत खेमे पर लगातार वार कर रहे राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा ने कहा कि आलाकमान सब देख रहा है। जिनके खिलाफ शिकायत पहुंची है, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट कद्दावर नेता है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि सचिन पायलट बेस्ट है। सचिन पायलट को पूरा हिन्दुस्तान पसंद करता है। आगामी चुनाव में पायलट के मुख्यमंत्री को लेकर किए गए सवाल पर बैरवा ने कहा कि यह सब अब आलाकमान तय करेगा। बैरवा सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

### राज्य महिला आयोग के तेवर नरम

# झूठे मामलों में महिलाओं पर कार्रवाई को लेकर हंगामा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** झूठे मामलों में महिलाओं पर कार्रवाई के विरोध में बुधवार को राज्य महिला आयोग कार्यालय पर करीब आधा घंटे तक महिला व मानवाधिकार संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शन किया।

हंगामे के दौरान कुछ प्रतिनिधियों ने आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज से मुलाकात की और इस्तीफा मांगा, जिसके बाद आयोग ने तेवरों में नरमी दिखाते हुए स्पष्ट किया कि मामला झूठा पाए जाने पर पुलिस से पुनः जांच करने और आवश्यक होने पर कार्रवाई करने को कहा जाता है।

प्रदर्शन के बाद पीयूसीएल सहित करीब 25 संगठनों की ओर से कविता श्रीवास्तव व अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि आयोग ने प्रताड़ना के झूठे मामलों में महिलाओं के खिलाफ आइपीसी की धारा 182 व 211 के तहत कार्रवाई कराने का निर्णय किया है। करीब 60 मामलों में कार्रवाई के निर्देश भी दे दिए हैं। कार्यकर्ताओं ने आयोग के निर्णय को महिला विरोधी बताते हुए निंदा की।

**यह की मांग**

- 60 मामलों में एफआइआर दर्ज करने को कहा है, उस निर्णय को वापस लें।
- अगर किसी मामले में महिलाओं को टूल बनाया जा रहा है तो आयोग काउंसलिंग कराए।


**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

No:. ACE-I/RHB/JPR/2022-23/529 **NIB: 08/2022-23** Date: 31.10.2022

Bids for **1.** Shifting of 02 Nos. 11 KV Lines passing over the under construction RHB Scheme, Niwai (Tonk). **2.** External electrification and street light work for Shopping Center at Sector-08 and 14 E/M, Mansarovar RHB, Jaipur are invited from interested bidders from 04.11.2022 to 14.11.2022 up to 6:00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state & http://urban.rajasthan.gov.in/rhb department website.
UBN : RHB2223WSOB00341, RHB2223WSOB00345

Raj.Samwad/C/9820/2022-2023 **Addl. Chief Engineer-I**



**दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय**
**DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY**
(Formerly Delhi College of Engineering)
ISO 9001:2015 Certified
ACCREDITED with 'A' Grade (CGPA 3.22 out of 4.0) by NAAC

**Ph.D ADMISSION NOTIFICATION**
**(Session: January, 2023)**

DTU offers admission to Ph.D. programme (Full Time/Part Time) for candidates bearing brilliant academic record and research potential in various disciplines of:

**Department of Applied Chemistry**
- Chemistry
- Chemical Engineering

**Department of Applied Physics**
- Physics
- Engineering Physics

**Department of Applied Mathematics**
- Mathematics
- Mathematics and Computing

**Department of Biotechnology**
- Biotechnology

**Department of Civil Engineering**
- Civil Engineering

**Delhi School of Management**
- Management

**Department of Electrical Engineering**
- Electrical

**Department of Electronics & Communication Engineering**
- Electronics and Communication Engineering

**Department of Environmental Engineering**
- Environmental Engineering

**Department of Humanities**
- Economics

**Department of Information Technology**
- Information Technology

**Department of Mechanical Engineering**
- Mechanical Engineering

**Department of USME**
- Management
- Economics
- Innovation, Entrepreneurship & Venture Development

**How to Apply:** Application forms are available online at **www.dtu.ac.in**. Admissions are made on the basis of screening test and interview to be conducted by the university.

**Last Date for Online Registration and Fee Deposit**
**22.11.2022 (Tuesday)**

**Date of Screening Test 12.12.22 and 13.12.22**
**(Monday & Tuesday)**

**DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY**
**Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi-110042**
**Website: www.dtu.ac.in**
**Helpdesk Email ID: phdcoordinator@dtu.ac.in**

**For more information, visit the University website: www.dtu.ac.in regularly for updates and other details about the entire admission process.**



**इंडियनऑयल**
IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388

पाइपलाइन्स प्रभाग,
न्यू मुंद्रा–पानीपत पाइपलाइन परियोजना, जयपुर, राजस्थान
**(रुचि की अभिव्यक्ति)**
**भंडारण स्थान किराये पर लेने की सूचना**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइपलाइन प्रभाग) दो बिड सिस्टम में आवेदन मांग रहा है। इच्छुक भूमि मालिकों से तकनीकी बोली (भाग–I) और मूल्य बोली (भाग–II) जो जिला सीकर में बंद भंडारण यार्ड और खुली भंडारण यार्ड स्थापित करने के लिए अपनी जमीन/फर्म को देने के लिए तैयार हैं।

| भूमि की आवश्यकता | विवरण | जिला |
|---|---|---|
| 1500 वर्ग मीटर | बंद भंडारण यार्ड | सीकर |
| 4000 वर्ग मीटर | खुली भंडारण यार्ड | सीकर |

ज़रूरी:
i) उचित सीमा दीवार/बाड़ के साथ एक खुला यार्ड।
ii) खुले यार्ड को कठोर आधार से बनाया जाना चाहिए ताकि हाइड्रा, ट्रेलरों आदि को खड़ा किया जा सके और स्टील पाइप आदि का भंडारण किया जा सके।
iii) कवर यार्ड फोर्कलिफ्ट और हाइड्रा क्रेन की आवाजाही के लिए उपयुक्त होना चाहिए।
iv) कवर यार्ड आसानी से लंबे आकार ट्रेलर आदि के आवाजाही के लिए सुलभ होना चाहिए।
v) सुरक्षा गेट/केबिन की उपलब्धता होनी चाहिए।
vi) बिजली और पानी की सुविधा होनी चाहिए। शुल्क का भुगतान निगम द्वारा किया जाएगा।
vii) भूमि को मुक्त शीर्षक विलेख के साथ सभी एन्कम्ब्रेन्स (encumbrances) से मुक्त होना चाहिए।
**viii) भूमि अधिमानतः सीकर जिले में एनएच/एसएच पर होनी चाहिए या सीकर शहर (बस स्टेंड) के केंद्र से 15 किमी के भीतर पर स्थित होनी चाहिए।**

**खुली भंडारण यार्ड और बंद भंडारण यार्ड के लिए अलग–अलग बोलियां प्रस्तुत की जानी चाहिए। इच्छुक भू–स्वामी को निम्नलिखित बोली प्रणाली में निम्नलिखित विवरणों के साथ आवेदन करना आवश्यक है:**

**तकनीकी बोली (भाग–I):** जमीन के लिए दी जाने वाली **लागत के अलावा** निम्नलिखित दस्तावेजों से मिलकर अलग लिफाफे में जमा करना:
1. यार्ड और गोदाम की सुविधा रखने के लिए प्रासंगिक दस्तावेज।
2. मालिक/फर्म का नाम।
3. पूरा पता: गांव, डाकघर, पुलिस स्टेशन, पिन कोड, जिला और टेलीफोन नं।

**मूल्य बोली (भाग–II):** अलग लिफाफे में प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:
1) प्रस्तावित भूमि की लागत (प्रति वर्ग मीटर लागत के साथ–साथ कुल लागत) टेक्निकल बिड (पार्ट–I) और प्राइस बिड (पार्ट–II) वाले दोनों लिफाफों के ऊपर नाम और पते के साथ विधिवत सील किए गए एक बड़े लिफाफे में एक साथ रखा जाना चाहिए। पार्टी द्वारा दी जाने वाली कीमत, भाग–I (तकनीकी बोली) में किसी भी तरह से प्रकट नहीं होगी।

**यदि भाग–I (तकनीकी बोली) में किसी भी तरीके से कीमत प्रकट होती है, तो कीमत की अभिव्यक्ति बोली अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी होगी।**

उपरोक्त विवरण के साथ आवेदन पत्र बंद/सील लिफाफे में निम्नलिखित पते पर समाचार पत्र में प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय तक पहुंच जाना चाहिए:

**मुख्य महाप्रबंधक (निर्माण)**
**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइपलाइंस प्रभाग)**
न्यू मुंद्रा–पानीपत पाइपलाइन परियोजना, प्लॉट नं 3, दूसरी मंज़िल, श्याम हाउस, आम्रपाली सर्कल, वैशाली नगर, जयपुर–302021 (राजस्थान)

तकनीकी बोली और मूल्य बोली प्रपत्र https://www.iocl.com/suppliers-notices पर उपलब्ध है। और बोलीदाता इन्हें लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं तथा ऊपर किए गए उल्लेख अनुसार संगत विवरणों के साथ हार्ड प्रति प्रस्तुत कर सकते हैं।








